उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संं0- 56 /02/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025/02-परीक्षा/2024

लखनऊ : दिनांक : 03 अप्रैल, 2025

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2024, सहायक स्टोर कीपर व सहायक ग्रेड-तीन मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/02 के अंतर्गत सहायक स्टोरकीपर के 199 पद तथा सहायक ग्रेड-तीन का 01 पद, कुल रिक्त 200 पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा दिनांक 13-04-2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये समस्त अभ्यर्थियों को एतद्‌द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु जनपद की जानकारी के लिए **परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना** सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर जारी कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध Examination सेगमेंट के अंतर्गत सम्बन्धित विकल्प पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं व उसे डाउनलोड कर सकते हैं।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **यह मुख्य परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नहीं है**। प्रवेश पत्र जारी करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से यथासमय सूचित किया जाएगा। **अभ्यर्थियों को वैध प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।**

महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

03.04.2025
(परीक्षा नियंत्रक)
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।